संख्या–cm-122
06/03/2019

# मुख्यमंत्री ने 3226.50 करोड़ रुपए की कई योजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण, शिलान्यास एवं कार्यारंभ किया

पटना 06 मार्च 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज अधिवेशन भवन में 271 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन, 2955.51 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास यानि कुल 3226.50 करोड़ रुपए की सात विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण, शिलान्यास एवं कार्यारंभ रिमोट के जरिए किया। इसके अंतर्गत नगर विकास विभाग की 2006.63 करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ, पथ निर्माण विभाग की राज्य उच्च पथ घोघा–पंजवारा पथ, स्टेट हाइवे–84 एवं अकबरनगर–अमरपुर पथ एस0एच0–85 को दो लेन अनुरुप उन्नयन का कार्यारंभ, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा बिहार सैन्य पुलिस–12 सहरसा (भीमनगर, सुपौल) का उद्घाटन, सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग की बिहार स्टेट डाटा सेंटर 2.0 का शिलान्यास, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत संजय गांधी जैविक उद्यान में नवनिर्मित थ्री–डी थियेटर सह जू इंटरप्रिटेशन सेंटर का उद्घाटन, समाज कल्याण विभाग द्वारा 67 नवनिर्मित "बुनियाद केंद्र" भवन एवं एक वृद्धाश्रम भवन सहित 16 योजनाओं का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सात विभागों द्वारा संयुक्त कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी को बधाई देता हूँ। सभी विभागों के मंत्रियों एवं अधिकारियों ने विस्तारपूर्वक अपनी योजनाओं के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों जैसे आर0ओ0बी0 का निर्माण एवं अन्य चीजों के बारे में विभागीय मंत्री ने बताया है। बांका में पथ निर्माण विभाग की जिन योजनाओं का कल कार्यारंभ वहां से होना था लेकिन अपनी व्यस्तता के कारण मैं वहां नहीं जा सका, उसकी भी शुरुआत आज यहां से हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह विभाग के द्वारा बी0एम0पी0–12 (भीमनगर–सुपौल) का उद्घाटन हुआ है। वहां ट्रेनिंग की व्यवस्था होगी। यहॉ कैंपस के बेहतर स्वरुप के बारे में भी बताया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग को जितनी सुविधाओं की जरुरत है, हम सब उसे मुहैया करा रहे हैं। 9 रिक्टर पैमाने का भूकंपरोधी सरदार पटेल भवन बनाया गया है, जहां पुलिस मुख्यालय के साथ–साथ आपदा प्रबंधन विभाग अपने कार्यों का संचालन करेगा। पुलिस अधिकारियों के लिए भी सारी जरुरतों का ध्यान रखा गया है। पुलिस एकेडमी राजगीर में डी0एस0पी0, इंस्पेक्टर सहित चार हजार पुलिस बल की ट्रेनिंग की व्यवस्था की गयी है। यह भवन अद्भुत बना है। नए थाना भवन जो बनाए जा रहे हैं, वह भी दर्शनीय है। पुलिस के लिए आर्म्स, एम्युनिशन, व्हीकल एवं अन्य आवश्यक चीजों की उपलब्धता सरकार करा रही है। उन्होंने कहा कि क्राइम कंट्रोल करना पुलिस का काम है। बेहतर लॉ एंड ऑर्डर से राज्य की छवि निखरती है। डी0जी0पी0 ने विस्तारपूर्वक इसके लिए किए जा रहे कामों एवं योजनाओं के बारे में आप सबों को बताया है। राज्य में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। शराबबंदी के कारण हालांकि इसमें कमी आयी है। बेहतर वाहन चालन की प्रवृति विकसित हो इसके लिए ट्रेनिंग देने एवं माहौल तैयार करने की जरुरत है। पुलिस विभाग अच्छा काम कर रही है। पहले की कानून व्यवस्था से

अभी की कानून व्यवस्था की कोई तुलना ही नहीं है। इक्का–दुक्का घटनाएं होती हैं, उन पर रोक लगाने के लिए पुलिस तेजी से मॉनिटरिंग करती है। उन्हें काम की पूरी स्वायतत्ता दी गई है, मैं उम्मीद करता हूं कि वे गंभीरतापूर्वक अपने कार्यों को करते रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आई0टी0 विभाग द्वारा आज बिहार स्टेट डाटा सेंटर का शिलान्यास कराया गया है। इसके निर्माण से सारे डाटा सुरक्षित रहेंगे। सभी सरकारी डाटाओं का एक ही डाटा सेंटर होगा, जहां से सारी जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन सेवा एवं ई–गवर्नेंस को इससे बढ़ावा मिलेगा, इससे कार्यों में भी पारदर्शिता आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुरुप यहां के आईटी सेल को बनाने के लिए हमलोग काम करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा संजय गांधी जैविक उद्यान में थ्री–डी थियेटर सह जू इंटरप्रिटेशन सेंटर का उद्घाटन किया गया है। आगामी 8 मार्च को कैबिनेट की बैठक के बाद पूरे मंत्रिमंडल के सदस्य उस थियेटर में जाकर होने वाले प्रोग्राम को देखेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरुकता के लिए हमलोग प्रयासशील हैं। उन्होंने कहा कि बढते प्रदूषण एवं पर्यावरण से छेड़छाड़ के चलते कई प्रकार के संकट सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जहां बिहार में 1200–1500 मि0मी0 वर्षा होती थी। जलवायु परिवर्तन के कारण पिछले 13 वर्षों से बिहार की औसत वर्षा 800 मि0मी0 के पास पहुंच गई है। गांधी जी ने पर्यावरण के प्रति अपने विचार में कहा था कि पृथ्वी जरुरतों को पूरा करने में सक्षम है, लालच को नहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर बिजली पहुंचने से लालटेन की जरुरत खत्म हो गयी है। उन्होंने कहा कि ट्रांसमिशन, सब ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन सहित जर्जर तारों को बदलने के लिए काम किये जा रहे हैं। इस वर्ष के अंत तक एग्रीकल्चर फीडर का काम पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि थर्मल पावर से उत्पन्न बिजली अक्षय ऊर्जा नहीं है, सौर ऊर्जा ही अक्षय ऊर्जा है। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए हमलोग संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री निवास में सोलर प्लेट लगाए गए हैं। लोगों को घरों में सोलर प्लेट लगाने के लिए प्रेरित करने की जरुरत है। अक्षय ऊर्जा का लोग अधिक से अधिक उपयोग करें, इसके लिए काम करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर में जू सफारी एवं ग्रीन सफारी बनाया जा रहा है। बिहार बंटवारे के बाद राज्य का हरित आवरण 9 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 15 प्रतिशत हो गया है और 17 प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए काम किया जा रहा है। 24 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य के तहत साढ़े 22 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में बर्ड फ्लू का प्रकोप हुआ था, जिसके निवारण के लिए पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के साथ–साथ पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने बेहतर काम किया और दो माह के अंदर चिड़ियाघर को लोगों के लिए सुलभ करा दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज कल्याण विभाग ने 67 नवनिर्मित बुनियाद केंद्र एवं पटना में एक वृद्धाश्रम भवन का उद्घाटन कराया है। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने छह वर्ष पहले राज्य के सभी 101 अनुमंडलों में बुनियाद केंद्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसमें 67 बनाए जा चुके हैं बाकी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस बुनियाद केंद्र के मेंटेनेंस की जवाबदेही भी विभाग किसी एजेंसी को सौंपे। उन्होंने कहा कि राजगीर का कन्वेंशन सेंटर, पटना का अशोक कन्वेंशन केंद्र, बिहार संग्रहालय सबका बेहतर मेंटेनेंस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बुनियाद केंद्र में वृद्धों, दिव्यांगों की देखभाल, मेडिकल जांच, फिजियोथेरेपी, कानूनी सहायता एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। 60 वर्ष से ऊपर के पुरुष एवं महिलाओं को पेंशन देने का सरकार ने निर्णय किया है, इससे वृद्धजनों का परिवार में सम्मान बना रहेगा। वृद्धाश्रम में रहने पर सभी वृद्ध ठीक ढंग से अपना जीवन जी सकेंगे। इस जगत में मृत्यु सत्य है लेकिन लोग जाएं तो इस

दुनिया से खुशी–खुशी जाएं। हमलोग अन्य जगहों पर वृद्धाश्रम बनाने के लिए भी काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा 2006 करोड़ रुपए की योजनाओं का आज शिलान्यास किया गया है। पक्की गली–नाली, हर घर नल का जल, शहरों में तेजी से लोगों को उपलब्ध होगा। आज 199 करोड़ रूपये की लागत के 10 सेल्फ प्रपोज्ड वैक्यूम (एस0पी0वी0) मशीनों को हरी झंडी दिखायी गई है। इससे साफ–सफाई को और बेहतर बनाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2 अक्टूबर 2019 तक हर घर में शौचालय निर्माण का लक्ष्य हमलोगों ने निर्धारित किया है। शहरों में बनने वाले कम्यूनिटी शौचालय के मेंटेनेंस पर ध्यान देते रहने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 49 चयनित खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। खिलाड़ियों को पुलिस विभाग में भी नियुक्ति दी जाएगी। इस नियुक्ति में आरक्षण के नियमों का पालन किया जा रहा है। मैं खिलाड़ियों से कहना चाहता हूं कि पूरी तन्मयता एवं प्रतिबद्धता के साथ खेलें, भविष्य के लिए चिंतित होने की जरुरत नहीं है, उसके लिए सरकार व्यवस्था करेगी।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि पॉजिटिव खबरों को जगह देनी चाहिए। इससे अच्छे काम लोगों की जानकारी में जाते हैं। समाज में इससे कटुता के वातावरण से छुटकारा मिलता है। सौहार्द्र का वातावरण रहने से जनहित एवं समाज हित के काम में तेजी आती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बापू की 150वीं जयंती हमलोग दो वर्षों तक मना रहे हैं। बापू ने सात सामाजिक पापों की चर्चा की है, जिसमें सिद्धांत के बिना राजनीति, काम के बिना धन अर्जन, विवेक के बिना सुख, चरित्र के बिना ज्ञान, नैतिकता के बिना व्यापार, मानवता के बिना विज्ञान और त्याग के बिना पूजा है। सभी सरकारी भवनों एवं स्कूलों में यह अंकित कराया जा रहा है। अधिवेशन भवन में भी इसे अंकित करवाया जाए। बापू के इन विचारों को अगर 10 प्रतिशत भी लोग आत्मसात कर लें, तो समाज बदल जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री का स्वागत पुष्प–गुच्छ भेंटकर किया गया। एस0पी0वी0 मशीनों को हरी झंडी दिखाकर मुख्यमंत्री ने रवाना किया। 49 चयनित उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, जिसमें से 4 को मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रुप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री के समक्ष नवनिर्मित 67 बुनियाद केंद्र पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन एवं आई0टी0 के डाटा सेंटर पर आधारित भी फिल्म का प्रदर्शन किया गया। सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग की तरफ से उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 5 करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा।

कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, ऊर्जा तथा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री श्री विजेंद्र प्रसाद यादव, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पांडेय, प्रधान सचिव नगर आवास श्री चैतन्य प्रसाद, डी0जी0 सह सी0एम0डी0 बिहार पुलिस भवन निगम निर्माण लिमिटेड श्री सुनील कुमार, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव श्री विनय कुमार, परिवहन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर पटना नगर निगम की महापौर श्रीमती सीता साहू, उप महापौर श्री विनय कुमार पप्पु, विधायक श्री मनीष कुमार, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, समाज कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अतुल प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग के सचिव श्री राहुल सिंह, पटना प्रमण्डल के कमिश्नर श्री आर0एल0 चोंग्थू, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, निगम आयुक्त श्री अनुपम कुमार सुमन सहित अन्य विभागों के पदाधिकारीगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अपनी सेना ने जो काम किया है, देश के लोगों के मन में उनके प्रति सम्मान और बढ़ा है। इस चीज को समझना चाहिए। केंद्र सरकार इसके लिए जो जरुरी कदम है वो उठाएगी।

******